हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 04 अंक–165 : जौनपुर, शनिवार 20 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी में अच्छे और खराब अफसरों की तैयार हो रही है गोपनीय रिपोर्ट : कार्यवाही तय

लखनऊ ब्यूरो : गुड गवर्नेंस के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर अब शासन से लेकर तहसील व थानों तक पर है। उनकी गतिविधियों पर बारीक नजर रखी जा रही है। जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) और सीएम हेल्पलाइन 1076 में आने वाली शिकायतों के निस्तारण के आधार पर हर माह सीएम योगी को गोपनीय रिपोर्ट भेजी जा रही है। इसमें काम के आधार पर 10 अच्छे व 10 खराब की रैंकिंग तैयार की जा रही है। यही नहीं, शासन स्तर के विभागों और फील्ड में तैनात कमिश्नरों, डीएम, विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष और नगर आयुक्त की रिपोर्ट भी सीएम को भेजी जा रही है। इसी तरह पुलिस में एडीजी, आईजी, डीआईजी, पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी की भी रिपोर्ट अलग से दी जा रही है। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि गुड गवर्नेंस के लिहाज से सीएम खुद विभिन्न विभागों के कार्यकलापों, अफसरों की परफार्मेंस और जन समस्याओं के निस्तारण आदि की निगरानी कर रहे हैं। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही आधार मुख्यमंत्री ने जिले स्तर पर तैनात अफसरों को निर्देश दिए हैं कि तहसील, थाना और ब्लॉक स्तर पर ही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इससे आम लोगों को दर–दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेंगी। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही शिकायत की गुणवत्ता का आधार मानी जाएगी। योगी ने आईजीआरएस और 1076 हेल्पलाइन पर एक ही शिकायत बार–बार आने और जिले की निम्न स्तरीय शिकायतें भी शासन स्तर तक आने पर कई बार नाराजगी जाहिर की है। खरा न उतरने वालों पर होगी कार्रवाई सीएम योगी के निर्देश पर अच्छा काम करने वाले और शासन की अपेक्षाओं पर खरा न उतर पाने वाले विभागों व अफसरों की फेहरिस्त तैयार कराई जा रही है। इसका मूल्यांकन करने के बाद शासन की मंशा के अनुसार काम न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जुलाई में अच्छा काम करने वाले शीर्ष 10 विभाग सहकारिता, ग्राम्य विकास, भूतत्व एवं खनिकर्म, श्रम, नगर विकास, गृह एवं गोपन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण, सिंचाई जल संसाधन और पंचायती राज। इन विभागों का काम संतोषजनक नहीं नियुक्ति, कार्मिक, आयुष, प्राविधिक शिक्षा, कृषि विपणन, अवस्थापना और औद्योगिक विकास, आवास एवं शहरी नियोजन, व्यावसायिक शिक्षा, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति और पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग। 10 सबसे अच्छी और सबसे खराब तहसील प्रयागराज की सदर, महराजगंज की निचलौल, सिद्धार्थनगर की बांसी, संभल की गुन्नौर, पीलीभीत की पूरनपुर, सीतापुर की लहरपुर, उन्नाव की हसनगंज, गोरखपुर की कैंपियरगंज, लखनऊ की मोहनलालगंज और शाहजहांपुर की पुवायां तहसील शीर्ष 10 में है। सबसे खराब तहसीलों में सोनभद्र की राबर्ट्सगंज, अंबेडकरनगर की आलापुर, सोनभद्र की घोरावल, बहराइच की कैसरगंज, सोनभद्र की दुद्धी, वाराणसी की राजा तालाब, लखीमपुर की धौरहरा, अमेठी की गौरीगंज, गाजीपुर की कासिमाबाद तथा कन्नौज में कन्नौज तहसील है। 10 सबसे अच्छे और खराब थाने 10 सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले थानों में लखीमपुर खीरी, कौशांबी, बुलंदरशहर, महराजगंज, श्रावस्ती व संभल के महिला थाने, सोनभद्र में माछी, लखीमपुर में चंदन चौकी, वाराणसी में महिला थाना बड़ागांव और इटावा में भरेह शामिल हैं। वहीं, सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले थानों में आगरा में बसई अरेला, मनसुखपुरा, सोनभद्र में रामपुर बर्कोनिया, गौतमबुद्धनगर में थाना सेक्टर 113, शाहजहांपुर में परौर, गाजीपुर में शादियाबाद, बलिया में फेफना, प्रयागराज में सिविल लाइंस, बहरिया और मउआइमा हैं। 10 सबसे अच्छे डीएम जुलाई में आईजीआरएस और हेल्प लाइन पर आने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में अमरोहा, प्रयागराज, संतकबीरनगर, बागपत, शाहजहांपुर, महराजगंज, फर्रूखाबाद, मेरठ, इटावा और शामली सबसे अच्छे जिले रहे। बाकी जिलों में स्थिति बहुत संतोषजनक नहीं हैं। पांच सबसे अच्छे कमिश्नर, विकास प्राधिकरण और नगर निगम शीर्ष पांच कमिश्नरी में मिर्जापुर, सहारनपुर, झांसी, अयोध्या और गोरखपुर हैं। टॉप 5 विकास प्राधिकरणों में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बस्ती, वाराणसी और गाजियाबाद हैं। पांच सबसे अच्छे नगर निगम में प्रयागराज, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, झांसी तथा फिरोजाबाद हैं। लखनऊ शीर्ष तीन जोन में एडीजी और आईजी स्तर पर टॉप थ्री जोन में सबसे ऊपर आगरा, कानपुर और लखनऊ हैं। आईजी और डीआईजी स्तर पर शीर्ष पांच में आगरा, चित्रकूट, सहारनपुर, मेरठ और कानपुर हैं। पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी स्तर पर शीर्ष 10 जिलों में प्रयागराज, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, मेरठ, बिजनौर, जालौन, फर्रुखाबाद, ललितपुर, अलीगढ़ और संभल हैं।

## समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान दिनांक 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्व साधारण को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान दिनांक 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ हैं। जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकों/राजकीय विभाग/अर्द्धशासकीय संस्थाओंध्बैंकध पोस्ट आफिस में कार्यरत समस्त अधिकारीध्कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को अवगत कराना है कि मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्र करने हेतु समस्त बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा दिनांक 01.08.2022 से घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्र करने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र फार्म–6बी में आधार नम्बर एकत्रीकरण की कार्यवाही की जा रही है। मतदाताओं द्वारा स्वयं भी NVSP Voter PORTAL] & VHA (VOTER HELP LINE APP) इत्यादि के माध्यम से आनलाइन फार्म–6बी भरे जाने की सुविधा आयोग द्वारा प्रदान की गई है। शत प्रतिशत स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु दिनांक–21.8.2022(रविवार) को द्वितीय विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थलों पर किया जायेगा। अतः आप सभी से अपील है कि स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र करने हेतु निर्धारित फार्म–6बी में अपना आधार नम्बरएवं पहचान पत्र नम्बर भरकर अपने बूथ लेविल आफिसर/तहसील पर स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर प्राप्त कराये या स्वयं आनलाईन के माध्यम से करते हुए शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

## इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज के लिए संचालक पॉलीमर नैनोकंपोजिट जरूरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा "संचालक पॉलीमर नैनोकंपोजिट के विभिन्न उपयोग" विषयक आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन शनिवार को किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में किंग अब्दुलाजीज विश्वविद्यालय, सऊदी अरब के डॉ ओमेश अंसारी ने बताया कि पॉलीमर नैनोकंपोजिट के प्रयोग से अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज जैसे स्मार्ट टीवी स्मार्टफोन की डिस्प्ले आदि बनाए जा रहे हैं। डॉ अंसारी ने पालिएनिलिन नेनोकॉम्पिजित के संश्लेषण, गुण व अनुप्रयोग पर चर्चा की। डॉ अंसारी ने बताया कि पालिएनिलिन प्रकाश उत्प्रेरक के साथ साथ कार्बन नैनो ट्यूब की कोटिंग में प्रयोग के ऊपर प्रकाश डाला। डॉ उमेश ने पॉलीमर नैनोकंपोजिट का दैनिक जीवन में पेंट के रूप में होने वाली उपयोग के बारे में भी चर्चा की। डॉ. अंसारी ने बताया कि पॉलीमर नैनोकंपोजिट का दैनिक जीवन के विभिन्न आयामों में महत्वपूर्ण उपयोग होता है। अतिथियों का स्वागत रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन एमएससी के छात्र विकास व अनम फातिमा ने किया तथा सरस्वती वंदना व कुल गीत सुप्रिया ने प्रस्तुत की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के डॉ मिथिलेश यादव, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. दीपक मौर्य, डॉ. सौरभ सिंह, पीएचडी शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## थाना मड़ियाहूँ पुलिस ने अपहृत दो लड़कियों को सकुशल बरामत करते हुए अपहरणकर्ता दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ श्री अशोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण अपराधियों की गिरफ्तारी, आपराध की रोकथाम के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्र.नि. मडियाहूँ श्री किशोर कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 19.08.2022 को थाना क्षेत्र मडियाहूँ के व्यक्ति द्वारा दी गयी सूचना कि उनकी पुत्री व उसकी सहेली को दो लड़को ने अपहरण कर कब्जे मे ले लिया गया है पुत्री द्वारा मोबाइल फोन से चुपके से सूचना घर पर दी गयी जिस पर प्र.नि. मडियाहूँ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त मोबाइल नम्बर को सर्विलांस सेल जौनपुर के माध्यम से ट्रेस कराते हुए दिनांक 19.08.2022 की शाम को दोनो लड़कियो को सकुशल बरामद कर लिया गया तथा अपहरण करने वाले दोनो लड़को/अभियुक्तों 1. विकास सिंह पुत्र विनोद कुमार सिंह नि. आलमगंज थाना बरसठी, जौनपुर, 2. दिलीप तिवारी पुत्र प्रेमधर तिवारी निवासी दिनापुर थाना बरसठी, जौनपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. विकास सिंह पुत्र विनोद कुमार सिंह नि. आलमगंज थाना बरसठी, जौनपुर। 2. दिलीप तिवारी पुत्र प्रेमधर तिवारी निवासी दिनापुर थाना बरसठी, जौनपुर। आपराधिक




इतिहास 1. दोनो अभियुक्तो के विरूद्ध मु.अ.सं. 266/2022 धारा– 363/366 भा.द.वि. थाना मड़ियाहूं जनपद जौनपुर। 2. अभियुक्त विकास सिंह के विरूद्ध मु.अ.सं. 195/2019 धारा 323/504/506 भा.द.वि. थाना बरसठी, जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः– 1. उ.नि. संतराम यादव थाना मडियाहूँ, जनपद जौनपुर। 2. का. राममिलन थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 3. का. राहुल मौर्या थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर।

## थाना खुटहन पुलिस ने अपहरण के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव थाना खुटहन जौनपुर के नेतृत्व में उ0नि0 रामभवन यादव मय हमराह हे0का0 रामाश्रय चौहान के द्वारा मु0अ0सं0–120/2022 धारा 363/366 भादवि व 17/18 पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त विशाल गौतम पुत्र घनश्याम गौतम ग्राम वीवीगंज थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ को आज सुबह विशुनपुर चौराहा थाना खुटहन जौनपुर के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान मा0न्यायालय किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण



विशाल गौतम पुत्र घनश्याम गौतम ग्राम वीवीगंज थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़। गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1. उ0नि0 रामभवन यादव थाना खुटहन जौनपुर। 2.हे0का0 रामाश्रय यादव थाना खुटहन जौनपुर।

## रक्तदान उत्सव के बाद कार्ड वितरण का कार्य प्रारंभ : प्रथम नागरिक से प्रथम रक्तदाता कार्ड पहुचाने का कार्य प्रारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विगत 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर जनपद के विकास खण्ड मुफ्तीगंज स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में सेना के सम्मान में स्वैच्छिक शौर्य रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ था जिसमे कुल 557 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर उत्तर प्रदेश का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। रक्तदान कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न होने के उपरांत रक्तदान उत्सव के आयोजक विकास तिवारी के नेतृत्व में सदस्यों ने रक्तदाता कार्ड वितरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। इसी क्रम में आज रक्तदाता कार्ड व भारतीय थलसेना के ब्रिगेडियर राजीव नागयाल के द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र जनपद की प्रथम नागरिक अध्यक्ष जिला पंचायत जौनपुर श्रीकला धनञ्जय सिंह की अनुपस्थिति में उनके पति पूर्व सांसद श्री धनञ्जय सिंह को देकर इस नेक पहल की आज से शुरुवात की। रक्तदान उत्सव के आयोजक विकास तिवारी ने कहा कि रक्तदान कार्यक्रम के पूर्व सेना से बैठक कर ये तय की गई थी कि रक्तदान शिविर में जो भी रक्त संग्रहित किये जायेंगे उसे जरूरत पड़ने पर जिलाधिकारी जौनपुर से संवाद करके सेना जरूरत के अनुसार ले जा सकती है चूंकि सेना के पास स्थानीय रक्तकोष न होने के कारण जनपद के ब्लडबैंक से यह शिविर सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक द्वय अतुल सिंह ने कहा कि शिविर में जनपद की प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला धनञ्जय सिंह समेत कुल 557 लोगो ने रक्तदान कर जनपद का नाम प्रदेश में रौशन किया है उन्होंने कहा



कि हम पवित्र उद्देश्य के साथ पूर्णतया वचनबद्ध है कि कार्यक्रम सफलता पूर्वक बीत जाने के बाद आयोजन समिति की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि एक एक रक्तदाताओं को उनका रक्तदाता कार्ड उन तक पहुचे जिससे वो सुविधा अनुरूप लोगो की मदद कर सके और वक्त जरूरत पर किसी जरूरतमंद के काम आ सके। उन्होंने रक्तदान के क्षेत्र में उत्तरप्रदेश में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने हेतु कार्यक्रम में आये सभी 557 रक्तदाताओं के प्रति कृतज्ञतापूर्ण आभार जताया है। उक्त अवसर पर विकास तिवारी, अतुल सिंह, डॉ अब्बासी, तुषार श्रीवास्तव, नीरज पाठक, राहुल सिंह, अभय राज, निर्भय सिंह, सोनू रजक, कुलदीप यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पीयू के महिला छात्रावास में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय की महिला छात्रावासों में धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई गई। छात्राओं ने सजावट कर खूबसूरत झांकियां बनाई। मीराबाई छात्रावास में पूजा हवन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर चीफ वार्डन डॉ रजनीश भास्कर ने



कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी हमारे जीवन में प्रेम प्रेरणा और सरल जीवन जीने का प्रतीक है। हजारों साल पूर्व श्री कृष्ण पैदा हुए थे परंतु द्वारकाधीश आज भी हमारे भक्ति और मुक्ति के प्रतीक बने हैं। श्री कृष्ण जी के विचार अगर सारे संसार में फैला दिए जाएं और हम सब आत्मसात कर ले तो दुनिया में सारे उपद्रव अराजकता बंद हो जाएगी और चारों तरफ पूरी दुनिया में शांति सुख समृद्धि और आनंदमय जीवन जीने का वातावरण बन जाएगा। लक्ष्मीबाई छात्रावास की वार्डन डॉ जया शुक्ला तथा प्रधान योगेंद्र तिवारी, अनिल तिवारी उपस्थित थे। मीराबाई छात्रावास की वार्डन डॉक्टर झांसी मिश्रा के मार्गदर्शन में पूजा का आयोजन हुआ। इस पूजा में मीराबाई की छात्राएं समृद्धि वर्मा, प्रिया सिंह, रिया शर्मा, आंचल विश्वकर्मा, हर्षिता सिंह, अनुषा, प्रज्ञा, मोनिका, प्रियंका, रूपाली, शिखा, साक्षी आदि सभी छात्राओं ने मिलकर इस आयोजन का संचालन किया। इस झांकी में मिट्टी से गोवर्धन पर्वत यमुना नदी, छप्पन भोग , गोकुल नगरी, कारावास आदि बहुत ही खूबसूरत चीजें बनाई तथा श्री कृष्ण जी के मंदिर एवं पालकी बनाई जिसमें लड्डू गोपाल को सजाकर पूजा एवं हवन का आयोजन किया गया।

## थाना नेवढ़िया पुलिस ने वाछिंत अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह व उ0नि0 सुदर्शन




यादव द्वारा मु0अ0सं0 119/22 धारा 366/497/120बी भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राकेश पटेल पुत्र अच्छे लाल पटेल निवासी चकईपुर थाना नेवढिया जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष को आज सुबह जयसिंहपुर तिराहा थाना नेवढिया जौनपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त दृ 1. राकेश पटेल पुत्र अच्छे लाल पटेल निवासी चकईपुर थाना नेवढिया जौनपुर उम्र 20 वर्ष। गिरफ्तारी टीम 1.प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह थाना नेवढिया जौनपुर। 2.उ0नि0 सुदर्शन यादव थाना नेवढिया जौनपुर। 3.हे0का0 सुबाष यादव थाना नेवढिया जौनपुर। 4.हे0का0 अखिलेश यादव थाना नेवढिया जौनपुर।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छा दिल संबंधों को जीत सकता है लेकिन अच्छा स्वभाव उन्हें आजीवन निभा सकता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

